# भारत-दक्षिण अफ्रीका का कल से शुरू होगा पहला टेस्ट

**नयी दिल्ली 12 नवंबर भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट , तीन एकदिवसीय और पांच टी-20 मैचों की सीरीज शुरु होने जा रही है और इसका पहला टेस्ट शुक्रवार से कोलकाता के इडेन गार्डेंस स्टेडियम में खेला जायेगा. ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर एकदिवसीय सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद टी-20 सीरीज जीतकर भारतीय टीम उत्साहित हैं.**



इससे पहले पिछले महीने भारत ने घरेलु मैदान पर वेस्टइंडीज को एकतरफा मुकाबले में हराया था. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के तय कार्यक्रम के अनुसार भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच दो टेस्ट मैच खेले जायेंगे. गांधी-मंडेला ट्रॉफी का पहला मैच 14 नवंबर से कोलकाता के इडेन गार्डेंस स्टेडियम में शुरू होगा. दूसरा टेस्ट मैच 22 नवंबर से गुवाहाटी के बरसापाड़ा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जाएगा. इसके बाद 30 नवंबर से एकदिवसीय सीरीज शुरु होगी. एकदिवीसय सीरीज का पहला मैच रांची में होगा. दूसरा एकदिवसीय मुकाबला तीन दिसंबर को रायपुर तथा तीसरी और आखिरी एकदिवसीय मैच छह दिसंबर को विशाखापत्तनम में होगा.

> अगले वर्ष होने वाले टी-20 विश्वकप कप से पहले इस पांच मैचों की टी-20 सीरीज को महत्वपूर्ण माना जा रहा है. दोनों टीमों के बीच पहला टी-20 मैच नौ दिसंबर को कटक खेला जायेगा. दूसरा मैच 11 दिसंबर को चंडीगढ़, तीसरा 14 दिसंबर को धर्मशाला, चौथा 17 दिसंबर को लखनऊ और पांचवां मैच 19 दिसंबर को अहमदाबाद में होगा.



# घरेलू क्रिकेट में नियमित रूप से हिस्सा लें विराट : रोहित

**नई दिल्ली, 12 नवम्बर. भारतीय क्रिकेट के दो दिग्गज खिलाड़ी रोहित शर्मा और विराट कोहली एक बार फिर चर्चा में हैं. दोनों ने टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया है, लेकिन वनडे फॉर्मेट में अब भी सक्रिय हैं. हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज़ में दोनों का प्रदर्शन अच्छा रहा, जिसके बाद अब भारतीय क्रिकेट नियंत्रण बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन्हें एक सख्त निर्देश जारी किया है.**

**बीसीसीआई का फरमान**

रिपोर्ट्स के अनुसार, बीसीसीआई ने साफ कर दिया है कि अगर रोहित और विराट को वनडे टीम में अपनी जगह बनाए रखनी है, तो उन्हें घरेलू क्रिकेट में नियमित रूप से हिस्सा लेना होगा. इसी कड़ी में रोहित शर्मा ने विजय हजारे ट्रॉफी खेलने की हामी भर दी है, जबकि विराट कोहली को लेकर अभी फैसला बाकी है. दोनों खिलाड़ियों का लक्ष्य 2027 वनडे विश्व कप तक खेलना है, लेकिन केवल एक प्रारूप खेलने से फिटनेस और फॉर्म बनाए रखना चुनौतीपूर्ण हो गया है. ऐसे में बीसीसीआई का यह कदम उन्हें निरंतर मैच अभ्यास दिलाने की दिशा में उठाया गया माना जा रहा है. भारतीय क्रिकेट में दो सबसे बड़े नाम रोहित शर्मा और विराट कोहली, एक बार फिर सुर्खियों में हैं.

> टेस्ट और टी20 फॉर्मेट से संन्यास लेने के बाद दोनों अब केवल वनडे खेल रहे हैं. इस बीच बोर्ड ऑफ कंट्रोल फॉर क्रिकेट इन इंडिया (बीसीसीआई) ने दोनों को स्पष्ट संदेश दे दिया है कि अगर वे 2027 के वनडे विश्व कप तक खेलना चाहते हैं, तो घरेलू क्रिकेट में उतरना अनिवार्य होगा. रिपोर्ट के अनुसार, बीसीसीआई का मानना है कि अब जबकि दोनों सीनियर खिलाड़ी केवल एक ही प्रारूप खेल रहे हैं, उन्हें मैच फिटनेस और रिदम बनाए रखने के लिए घरेलू टूर्नामेंट्स में भाग लेना चाहिए.

# टेस्ट चैंपियनशिप में 12 टीमें और एकदिवसीय सुपर लीग शुरू होगी

**दुबई 12 नवंबर. अगली विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) 2027-29 चरण में सभी 12 पूर्णकालिक सदस्य एक ही डिवीजन में शामिल करने और एकदिवसीय सुपर लीग फिर से शुरु करने की सिफारिश की गई है. न्यूजीलैंड के पूर्व बल्लेबाज रोजर टूज की अगुवाई में एक कार्य समूह ने पिछले हफ्ते दुबई में हुई तिमाही बैठकों के दौरान आईसीसी बोर्ड और मुख्य कार्यकारी समिति (सीईसी) को इस संदर्भ में अपनी सिफरिशें सौंपी.**



इस समूह को को क्रिकेट के तीनों प्रारूपों से जुड़े जरूरी मुद्दों पर ध्यान देने का काम सौंपा गया है. कार्य समूह ने अगले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (2027-29) चक्र के लिए सभी 12 पूर्णकालिक सदस्यों की एक स्तरीय प्रणाली लागू करने की सिफारिश की गई. अफगानिस्तान, जिम्बाब्वे और आयरलैंड के अगले चक्र में शामिल होने की संभावना है. इस दौरान सदस्य देशों के साथ द्वि-स्तीय प्रणाली पर व्यापक चर्चा हुई. श्रीलंका, वेस्टइंडीज और पाकिस्तान जैसे देशों ने द्वि-स्तरीय प्रणाली का विरोध करते हुए कहा कि अगर बड़े देशों के खिलाफ मैच नहीं हुए तो उनके बोर्ड पैसे नहीं कमा पायेगा. अभी केवल नौ देश विश्व टेस्ट चैंपियनशिप खेल रहे है. बोर्ड के एक निदेशक ने क्रिकइन्फो को बताया, 'इससे यह सुनिश्चित होता है कि हर कोई टेस्ट क्रिकेट खेल रहा है. जो लोग वास्तव में इस प्रारूप में खेलना चाहते हैं, उनके पास अब अवसर हैं और अन्य टीमों के लिए भी उन्हें खेलने का प्रोत्साहन है.'

इसके अलावा 2023 में रद्द हुई एकदिवसीय सुपर लीग को फिर से शुरू की सिफारिश की गई. 13 टीमों की यह लीग जुलाई 2020 में ही शुरू हुई थी. कार्य समूह के प्रस्ताव में यह नहीं बताया गया है कि 2028 में फिर शुरु होने वाली लीग में कितनी टीमें हिस्सा लेंगी. ऐसा माना जा रहा है कि 50 ओवरों के विश्व कप में टीमों की संख्या बढ़ाने पर कोई जोर नहीं दिया जा रहा है. 2027 में यह प्रतियोगिता 14 टीमों की होगी, जबकि पिछले दो संस्करणों में यह केवल दस टीमों तक सीमित थी. टी-20 विश्व कप में भी 20 टीमें ही रहेंगी, हालाँकि कुछ प्रशासक धीरे-धीरे इसमें चार टीमें बढ़ाने पर जोर दे रहे हैं, जिसका लक्ष्य अंततः 32 टीमों तक पहुंचना है.

> एसोसिएट सदस्यों ने टी-20 विश्व कप क्वालीफाइंग प्रारूप में बदलाव का प्रस्ताव भी रखा है. फिलहाल कुछ टीमों की एंट्री रैंकिंग के आधार पर होती है, इसे बदलकर सभी टीमों को क्वालिफायर राउंड में शामिल करना चाहिए. इन सब के बावजूद, आईसीसी ने टी-10 को क्रिकेट को आधिकारिक प्रारुप नहीं माना. बोर्ड अगले साल की शुरुआत में होने वाली आईसीसी की अगली बैठकों में इन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है.

# खिलाड़ी के ऊपर गेंद फेंकना पड़ा नाहिद राणा को भारी

**बांग्लादेश, 12 नवंबर. बांग्लादेश के तेज गेंदबाज नाहिद राणा पर उनकी हरकत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया है. आयरलैंड के खिलाफ जारी पहले टेस्ट के दौरान नाहिद ने कैड कार्माइकल की तरफ गेंद फेंकी थी, जो उनके पैड पर लगी थी.**



खेल की वैश्विक संस्था ने उनकी इस हरकत को आईसीसी कोड ऑफ कंडक्ट के लेवल-वन का उल्लंघन माना और उन पर जुर्माना लगाया.

आईसीसी ने जारी किए गए बयान में कहा, नाहिद को खिलाड़ियों और उनके सहयोगी कार्मिकों के लिए आईसीसी आचार संहिता के अनुच्छेद 2.9 के उल्लंघन का दोषी पाया है. यह अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान किसी खिलाड़ी पर या उसके पास अनुचित और/या खतरनाक तरीके से गेंद (या क्रिकेट उपकरण का कोई अन्य सामान) फेंकने से संबंधित है. इस मामले में आईसीसी ने उन पर जुर्माना लगाया है.

# एशेज से पहले ऑस्ट्रेलिया को झटका

## तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड और सीन एबॉट हुए चोटिल


**सिडनी, 12 नवंबर, ऑस्ट्रेलिया की एशेज तैयारियों को उस समय झटका लगा जब सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर न्यू साउथ वेल्स और विक्टोरिया के बीच शेफील्ड शील्ड मुकाबले के दौरान तेज गेंदबाज जॉश हेजलवुड और सीन एबॉट चोटिल हो गए.**



हालाँकि हेजलवुड को पर्थ एशेज के पहले मैच के लिए टीम में शामिल होने की अनुमति मिल गई है, लेकिन एबॉट मध्यम-स्तर की हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए हैं. क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने पुष्टि की है कि विक्टोरिया की पारी के अंत में अपने दाहिने हैमस्ट्रिंग में जकड़न की शिकायत करने वाले हेजलवुड का एहतियाती स्कैन कराया गया, जिसमें मांसपेशियों में खिंचाव नहीं पाया गया. उम्मीद है कि वह पहले टेस्ट से पहले प्रशिक्षण जारी रखेंगे. वहीं दूसरी ओर, एबॉट को बाएं हैमस्ट्रिंग में दर्द हुआ, स्कैन में मध्यम-स्तर की चोट की पुष्टि हुई, जिससे उन्हें पर्थ टेस्ट के लिए चयन से बाहर कर दिया गया.

> आने वाले हफ्तो में उनकी वापसी का समय तय किया जाएगा. ऑस्ट्रेलियाई टीम तेज गेंदबाजो की कमी से जूझ रही है, नियमित कप्तान पैट कमिंस पहले ही इस मैच से बाहर हो चुके हैं और लांस मॉरिस, झाई रिचर्डसन और स्पेंसर जॉनसन जैसे अन्य तेज गेंदबाज भी उपलब्ध नहीं हैं. अगर कोई और किसी अन्य गेंदबाज चोटिल होता है तो 14.69 की औसत से 13 शेफील्ड शील्ड विकेट लेकर प्रभावित करने वाले 31 वर्षीय ब्रेंडन डॉगेट को टीम में शामिल किया जा सकता है.

## एक नजर में



### अल्काराज एटीपी फाइनल्स में टेलर फ्रिट्ज को हराया

**तूरिन (इटली).** विश्व के नंबर दो टेनिस खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज एटीपी फाइनल्स में अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज को हराकर टूर्नामेंट के अगले दौर में जगह बना ली है. इसी जीत के साथ ही वह अपने करियर में दूसरी बार शीर्ष रैंकिंग हासिल करने के करीब पहुंच गए है. स्पेन के स्टार टेनिस खिलाड़ी अल्काराज ने मंगलवार को एटीपी फाइनल्स टेनिस टूर्नामेंट में पहला सेट हारने के बाद वापसी करते हुए टेलर फ्रिट्ज को 6-7(2), 7-5, 6-3 से हराया. छठें स्थान पर काबिज अमेरिकी खिलाड़ी पर उनकी जीत उनके करियर की 50वीं शीर्ष 10 जीत है. वह यह उपलब्धि हासिल करने वाले अब तक के सबसे कम उम्र के खिलाड़ियों में से एक हैं. राफेल नडाल ने 2009 में 22 साल और नौ महीने की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की थी, लेकिन रोजर फेडरर और नोवाक जोकोविच दोनों 23 साल के थे, जब उन्होंने 2005 और 2011 में यह उपलब्धि हासिल की थी. मैच के बाद अलकाराज ने कहा, यह काफी कड़ा मुकाबला था. मुझे लगता है कि मैं उससे ज़्यादा दौड़ रहा था, मैं उससे ज्यादा संघर्ष कर रहा था. पहले सेट में मेरी सर्विस अच्छी नहीं रही, और वह बेसलाइन से हर चीज पर बहुत आराम से खेल रहा था, इसलिए जीत के बाद मुझे बहुत राहत मिली क्योंकि मैच में मुझे जो कुछ भी झेलना पड़ा, वह इसलिए क्योंकि मैं गेंद को पहले राउंड अच्छे मूव नहीं कर पा रहा था.

## कोलकाता टेस्ट में बतौर बल्लेबाज खेल सकते हैं जुरेल

**कोलकाता.** ऋषभ पंत के बतौर विकेटकीपर एकादश में जगह बनाने के साथ ही ध्रुव जुरेल भी बतौर बल्लेबाज भारतीय एकादश का हिस्सा हो सकते हैं। ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी की जगह जुरेल को मौका दिया जा सकता है, वहीं चोट के चलते वेस्टइंडीज टेस्ट सीरीज नहीं खेल पाने वाले पंत वापसी करते नजर आएंगे। भारत के सहायक कोच रायन टेन डशकाटे ने आज संवाददाता सम्मेलन में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ कोलकाता टेस्ट से दो दिन पहले एक तरह से जुरेल के खेलने की पुष्टि की। पंत की अनुपस्थिति में जुरेल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ खेला था और अहमदाबाद में अपना पहला टेस्ट शतक भी जड़ा था.

# पाकिस्तान ने श्रीलंका को छह रन से हराया

**रावलपिंडी 12 नवंबर** आगा सलमान (नाबाद 105), हुसैन तलत (62) के बाद हारिस रउफ (चार विकेट) की अगुवाई में गेंदबाजों के बेहतरीन प्रदर्शन की बदौलत पाकिस्तान ने पहले एकदिवसीय मुकाबले में श्रीलंका को छह रन से हराया. इसी के साथ पाकिस्तान ने तीन मैचों की सीरीज में 1-0 से बढ़त बना ली है.



श्रीलंका ने मंगलवार को टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया. बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान ने निर्धारित 50 ओवरों में पांच विकेट पर 299 का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया. पाकिस्तान की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने पांचवें ओवर में सैम आयुब (छह) का विकेट गंवा दिया. इसके बाद बाबर आजम फखर जमान के साथ दूसरे विकेट के लिय 54 रन जोड़े. 18वें ओवर में वानिंदु हसरंगा ने फखर जमान (32) को आउट कर इस साझेदारी को तोड़ा. मोहम्मद रिजवान (पांच) और बाबर आजम (29) का भी वानिंदु हसरंगा ने शिकार किया. एक समय पाकिस्तान ने 95 के स्कोर पर अपने चार विकेट गंवा दिये थे. ऐसे संकट के समय आगा सलमान और हुसैन तलत की जोड़ी ने छठे विकेट के लिए 138 रन जोड़ कर पाकिस्तान की पारी को संभाला.

> श्रीलंका के लिए वानिंदु हसरंगा ने तीन विकेट लिये. असिता फर्नांडो व महीश तीक्षणा ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया. 300 रनों का पीछा करने श्रीलंका के लिए पुथम निसंका व कामिल मिशारा की सलामी जोड़ी ने 85 रन जोड़ कर अच्छी शुरुआत की. 12वें ओवर में हारिस रउफ ने पहले कामिल मिशारा (38) और फिर कुसल मेंडिस (शून्य) को आउट कर श्रीलंका को दोहरा झटका दिया.

# विराट को पीछे छोड़ सकते हैं शुभमन गिल

**नई दिल्ली, 12 नवम्बर** भारतीय टेस्ट टीम के युवा कप्तान शुभमन गिल के पास इस बार इतिहास रचने का बड़ा मौका है. भारत और साउथ अफ्रीका के बीच 14 नवंबर से शुरू हो रही दो मैचों की टेस्ट सीरीज़ में गिल के पास 19 साल पुराने रिकॉर्ड को तोड़ने का सुनहरा अवसर होगा. दरअसल, टेस्ट क्रिकेट में बतौर कप्तान एक साल में सबसे ज्यादा शतकीय पारियां खेलने का रिकॉर्ड अभी तक ऑस्ट्रेलिया के दिग्गज रिकी पोंटिंग के नाम दर्ज है, जिन्होंने साल 2006 में कप्तान रहते हुए 7 शतक जमाए थे.गिल ने साल 2025 में अब तक 7 टेस्ट मैचों की 13 पारियों में 5 शतक लगाए हैं और उनका बल्ला शानदार फॉर्म में है. अगर वे साउथ अफ्रीका के खिलाफ होने वाली चार पारियों में तीन और शतक ठोक देते हैं, तो पोंटिंग का यह रिकॉर्ड टूट जाएगा. इतना ही नहीं, अगर गिल एक शतक और लगाते हैं तो वे विराट कोहली को पीछे छोड़ते हुए एक साल में सबसे ज्यादा शतक लगाने वाले भारतीय टेस्ट कप्तान बन जाएंगे. भारतीय टीम के नए टेस्ट कप्तान शुभमन गिल के सामने कोलकाता के ईडन गार्डन्स मैदान पर एक बड़ा मौका है.

# भारत के पहले रेजिडेंशियल बास्केटबॉल हाई परफॉर्मेंस सेंटर का अनावरण

**बेंगलुरु, 12 नवंबर.** बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) और एसीजी स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड ने बुधवार को यहां देश के पहले समर्पित, साल भर चलने वाले, रेजिडेंशियल बास्केटबॉल हाई परफॉर्मेंस सेंटर का अनावरण किया. आईबीएल हाई परफॉर्मेंस सेंटर (एचपीसी) का शुभारंभ 2026 में होने वाले इंडिया बास्केटबॉल लीग (आईबीएल) के उद्घाटन सत्र का पूर्वाभास है, जो उत्कृष्टता, बुनियादी ढाँचे और एथलीट डेवलपमेंट के लिए एसीजी स्पोर्ट्स की 15 साल की प्रतिबद्धता पर आधारित एक परिवर्तनकारी मील का पत्थर है. देश का पहला पर्पस बिल्ट बास्केटबॉल हाई परफॉरमेंस सेंटर लक्ष्य अकादमी में स्थित है.

यह एचपीसी, देश का पहला बास्केटबॉल केंद्र है जो पूरी तरह से उत्कृष्ट खिलाड़ियों के विकास के लिए समर्पित है. वर्ष भर पूर्ण आवासीय परिसर के रूप में संचालित, एचपीसी को विश्वस्तरीय एथलीटों को तैयार करने के लिए डिजाइन किया गया है जो वैश्विक मंच पर प्रतिस्पर्धा करने में सक्षम हों और साथ ही भारतीय बास्केटबॉल को आगे बढ़ाने की आईबीएल की महत्वाकांक्षा की आधारशिला भी बनें.इसके केंद्र में तीन फीबा-स्टैण्डर्ड कोर्ट हैं, जिनके साथ एक अत्याधुनिक स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग जिम और विश्व-मानक 25-मीटर स्विमिंग पूल भी है.


**मध्यप्रदेश राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित**

विपणन संघ

जहांगीराबाद, भोपाल

क्र./यां.शा./1450/2025 — भोपाल, दिनांक : 12.11.2025

**निविदा सूचना (द्वितीय एवं चतुर्थ आमंत्रण)**

विपणन संघ द्वारा सहकारिता विभाग के माध्यम से पैक्स के लिए Balance Work of Construction of 200 MT Capacity Godown, Input Shop with office Block for PACS Under RKVY Scheme एवं स्वयं के लिए गोदाम मरम्मत कार्य तथा स्वयं के व्यय पर कृषक विश्राम शेड निर्माण कार्य हेतु केन्द्रीयकृत पंजीयन व्यवस्था अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से E-Tender प्रणाली के अन्तर्गत **www.mptenders.gov.in** पर केवल Online प्रतिशत दर के आधार पर निविदाएँ **दिनांक 22.10.2025 को सायं 05:30 बजे तक** आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र एवं कार्य के संबंध में अन्य जानकारी एवं अनिवार्य शर्तें निविदाकारों को मध्यप्रदेश शासन के ई-निविदा के पोर्टल **www.mptenders.gov.in** पर प्राप्त होंगी एवं विपणन संघ की वेबसाइट **www.mpmarkfed.mp.gov.in** पर भी अवलोकनीय होंगी।

| क्र. | Tender Ref. No. | कार्य का नाम | निविदा राशि (रु. में) |
|---|---|---|---|
| 1 | 2249 | Balance work for Construction of 200 MT Capacity Godown, Input Shop with office Block for PACS Under RKVY Scheme at Kundaliya Distt. Rajgarh (2nd Call) | 27,76,685.00 |
| 2 | 2250 | Repair/Renovation work of 1000 MT Godown of Markfed at Khachrod Distt.- Ujjain (2nd Call) | 6,87,287.00 |
| 3 | 2251 | Construction of Krashak Vishram Shed (Farmer Shed) 20X40 at Storage Center (Storage Cap. 5000) Khargone of Markfed Distt. Khargone (Own Fund) (4th Call ) | 4,92,827.00 |

**नोट:**-आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना अथवा संशोधन संबंधी जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल एवं वेबसाइट पर प्रदर्शित की जावेगी।

म.प्र. माध्यम/122980/2025 — **मुख्य अभियन्ता (सि.)**



CAPRI GLOBAL CAPITAL LIMITED

**कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड**

पंजीकृत और कॉर्पोरेट कार्यालय 502, टॉवर-ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, सेनापति बापट मार्ग, लोअर परेल, मुंबई-400013, सर्कल ऑफिस पता - 9बी, द्वितीय तल, पूसा रोड, नई दिल्ली - 110060

**मांग नोटिस**

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3(1) के अंतर्गत, अधोहस्ताक्षरी, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (उक्त अधिनियम) के अंतर्गत कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (CGCL) के प्राधिकृत अधिकारी हैं। प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित उक्त अधिनियम की धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, प्राधिकृत अधिकारी ने उक्त अधिनियम की धारा 13(2) के अंतर्गत डिमांड नोटिस जारी किए हैं, जिसमें निम्नलिखित उधारकर्ता(ओं) ("उक्त उधारकर्ता(ओं)") को उन्हें जारी किए गए संबंधित डिमांड नोटिस में उल्लिखित राशियों को चुकाने के लिए कहा गया है, जो नीचे भी दिए गए हैं। उपरोक्त के संबंध में, उक्त ऋणी(यों) को एक बार फिर सूचित किया जाता है कि वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिनों के भीतर, नीचे उल्लिखित राशियाँ, साथ ही नीचे उल्लिखित तिथि(यों) से भुगतान और/या वसूली की तिथि तक लागू ब्याज, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निष्पादित अन्य दस्तावेजों/लेखों, यदि कोई हों, के साथ पठित ऋण समझौते के अंतर्गत देय, सीजीसीएल को अदा करें। ऋण की उचित अदायगी हेतु प्रतिभूति के रूप में, उक्त ऋणी(यों) द्वारा निम्नलिखित संपत्तियाँ क्रमशः सीजीसीएल के पास गिरवी रखी गई हैं।

| स. क्र. | उधारकर्ता (ओं)/ गारंटर (ओं) का नाम | मांग नोटिस की तिथि और राशि | सुरक्षित संपत्ति का विवरण (अचल संपत्ति) |
|---|---|---|---|
| 1. | (ऋण खाता क्रमांक LNMERTL000024615 (पुराना) 80400005801202 (नया) (रतलाम शाखा) श्री उत्तम कुमार निगम (उधारकर्ता) श्रीमती अर्चना निगम (सह-उधारकर्ता) | 31.10.2025 रु. 28,34,324/- (08.10.2025 तक) | संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसमें भूमि और भवन हैं, संपत्ति 1 हैः संपत्ति मकान नंबर 12 वार्ड नंबर 12 में स्थित है, क्षेत्रफल 280.23 वर्ग फीट, मोहल्ला सरदार पटेल मार्ग, जिला रतलाम, मध्य प्रदेश-457118। संपत्ति का वह पूरा टुकड़ा और पार्सल जिसमें भूमि और भवन हैं, संपत्ति 2 हैः संपत्ति सर्वे नंबर 1224/2/1/1, 1233/1, 1234/2 में स्थित है, क्षेत्रफल 1416 वर्ग फीट, कस्बा ताल, जिला - रतलाम, मध्य प्रदेश-457118। |

संपत्ति 1 के लिए निम्नानुसार सीमाः उत्तरः भेरूलाल जी पुत्र लक्ष्मीनारायण जी का मकान, दक्षिणः सत्तारखान पुत्र फकीरमोहम्मद का मकान, पूर्वः दरगाह की भूमि, पश्चिमः मुख्य सड़क, संपत्ति 2 के लिए निम्नानुसार सीमाः उत्तरः रामचरण पाराशर जी का प्लॉट, दक्षिणः विक्रेता क्रमांक 2 का प्लॉट, पूर्वः निकास के लिए 13 फीट चौड़ा रास्ता, पश्चिमः बाबूलाल भांबी की भूमि

यदि उक्त उधारकर्ता सीजीसीएल को पूर्वोक्त भुगतान करने में विफल रहते हैं, तो सीजीसीएल अधिनियम की धारा 13(4) और लागू नियमों के अंतर्गत उपरोक्त सुरक्षित परिसंपत्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करेगा, जिसकी लागत और परिणामों का जोखिम पूरी तरह से उक्त उधारकताओं का होगा। अधिनियम के तहत, उक्त उधारकताओं को सीजीसीएल की पूर्व लिखित सहमति के बिना, बिक्री, पट्टे या अन्यथा, उपरोक्त परिसंपत्तियों को हस्तांतरित करने से प्रतिबंधित किया गया है। कोई भी व्यक्ति जो उक्त अधिनियम के तहत बनाए गए एक्टर नियमों के प्रावधानों का उल्लंघन करता है या उल्लंघन के लिए उकसाता है, उसे अधिनियम के तहत कारावास और/या दंड का सामना करना पड़ेगा।

स्थानः रतलाम

दिनांकः 13-11-2025

एसडी/- (प्राधिकृत अधिकारी)

कैप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड (सीजीसीएल) के लिए